# पाठ - 3 रीढ़ की हड्डी

## लेखक परिचय

### जगदीश चंद्र माथुर

**जन्म :-** सन् 1917 ई०

**स्थान :-** उत्तर प्रदेश

**मृत्यु :-** सन् 1978 ई०

**रचनाएँ :-** कोणार्क, दशरथ नंदन, शारदीया, पहला राजा आदि।

**भाषा :-** हिन्दी

## पाठ परिचय

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में जगदीश चंद्र माथुर ने सामाजिक समस्या को दिखाने का प्रयास किया है। आज के युग में लड़कियों को विवाह के लिए किस प्रकार देखा और दिखाया जाता है। लड़कियों की शिक्षा-दीक्षा उनकी चाल, उनकी लंबाई, मोटाई उनके रूप सौंदर्य के बारे में खूब जाँच की जाती है। इस पाठ के माध्यम से लोगों के रूढ़िवादी मानसिकता पर प्रहार किया गया है।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर" एक हमारा जमाना था"...कह कर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक संगत है?**

**उत्तर-** रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद दोनों अपने जमाने की बातें करते हैं। अपने जमाने को ये दोनों अच्छा साबित करना चाहते हैं और आज के जमाने को नीचा। ऐसा करना उचित नहीं है। हर जमाने में अलग परिस्थितियाँ होती है। जमाने के अनुसार हर कुछ में परिवर्तन होता है परंतु यह बुजुर्ग अपने जमाने के अनुभव को ज्यादा महत्व देते हैं और आज के जमाने के अनुभव को कम आँकते हैं। जो की कतई उचित नहीं है।

**2. रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छुपाना यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?**

**उत्तर-** रामस्वरूप की सोच ऊँची है। वे अपनी बेटी उमा को बी.ए. की शिक्षा दिलवाते हैं। लेकिन जब पुत्री के विवाह का वक्त आता है तो उसे समाज की पिछड़े मनोभावना का शिकार होना पड़ता है। बहुत से लोग शिक्षित बहू को स्वीकार नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि शिक्षित बहू रहेगी तो विरोध करेगी, प्रश्न करेगी, चुनौती देगी, बात -बात में नखरे दिखाएगी इसलिए वह कम पढ़ी हुई बहू चाहते हैं। इन्हीं सब कारणों से उमा के शिक्षा को छुपाने के लिए रामस्वरूप मजबूर हो जाता है।

**3. अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं वह उचित क्यों नहीं है?**

**उत्तर-** अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से यह अपेक्षा करते हैं कि उमा अच्छे तरीके से सज सँवरकर कर मेहमानों के सामने आए और अपने गुण और व्यवहार इस तरह दिखाए कि मेहमानों को वह पसंद आ जाए। रामस्वरूप का यह सोच ढोंग लगता है क्योंकि बी.ए. पास लड़की को मैट्रिक पास बताना ये बिल्कुल धोखे वाली बात है। झूठे नींव पर महल बनाना बिल्कुल उचित नहीं।

**4. गोपाल प्रसाद विवाह को 'बिजनेस' मानते हैं और रामस्वरूप अपनी बेटी की उच्च शिक्षा छुपाते हैं ।क्या आप मानते हैं?**

**उत्तर-** एक प्रकार से देखा जाए तो दोनों ही समान रूप से अपराधी है क्योंकि एक ओर गोपाल प्रसाद विवाह जैसे पवित्र रिश्ते को बिजनेस अर्थात व्यापार कहकर इस रिश्ते की गरिमा को कम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रामस्वरूप आज के सोच वाले होकर भी कायरता का परिचय देते हैं। वे बेटी के साथ खड़ा होने के बजाय स्थिति से समझौता करना चाहते हैं ।

**5. "...आपके लाडले बेटे की रीढ की हड्डी है भी या नहीं ..." उमा इस कथन के माध्यम से शंकर की किन कमियों की ओर संकेत करनी चाहती है?**

**उत्तर-** इस कथन के माध्यम से उमा शंकर की इन कमियों की ओर संकेत करना चाहती है -

1. शंकर व्यक्तित्व विहीन है। उसका अपना कोई विचार नहीं है वह अपने पिता के हाँ में हाँ मिलाता है। वह उचित-अनुचित का फैसला नहीं कर पाता।
2. शंकर अच्छे चरित्र का नहीं है वह लड़कियों के छात्रावास के पास चक्कर लगाने के कारण अपमानित हो चुका है।
3. वह शारीरिक रूप से कमजोर भी है हमेशा झुककर बैठता है

**6. शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की-समाज को कैसे व्यक्तित्व की जरूरत है तर्क सहित उत्तर दीजिए ?**

**उत्तर-** शंकर जैसे लड़के की समाज को आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह स्वयं कोई निर्णय नहीं ले सकता तो समाज को क्या दिशा प्रदान करेगा ।

हमारे समाज को उमा जैसे निडर, स्वाभिमानी , स्पष्ट बोलने वाली लड़की की आवश्यकता है ताकि ऐसी लड़कियाँ समाज में लालची और संकुचित मानसिकता

रखने वाले को सबक सिखा सके।

7. **'रीढ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर-** 'रीढ की हड्डी' एकांकी का शीर्षक इस एकांकी की भावना को व्यक्त करने के लिए बिल्कुल सही मालूम होती है। इस एकांकी में समाज की संकुचित मानसिकता को दिखाया गया है। रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर का संतुलन बनाए रखती है। रीढ़ की हड्डी इस पाठ में विचार का प्रतीक है जिस व्यक्ति के विचार मजबूत नहीं होंगे वह हर क्षेत्र में कमजोर ही साबित होगा।

8. **कथावस्तु के आधार पर आप किसे एकांकी का मुख्य पात्र मानते हैं और क्यों?**

**उत्तर-** कथावस्तु के आधार पर एकांकी का मुख्य पात्र उमा है। अन्य पात्र उमा के विवाह संबंधित बात से जुड़े हुए हैं किंतु उमा पाठकों के मन में स्थायी प्रभाव बना लेती है।

9. **एकांकी के आधार पर रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर-** रामस्वरूप- रामस्वरूप आधुनिक विचारों वाले किंतु विवश पिता है। एक ओर वह लड़की को पढ़ाना चाहते हैं वहीं दूसरी ओर समाज की दकियानूसी बातों पर आ जाते हैं ।

गोपाल प्रसाद -गोपाल प्रसाद रूढ़िवादी विचारधारा के हैं, उनकी मानसिकता गिरी हुई है, वह अपने पुत्र की बुराइयों को सहन नहीं कर पाते।

10. **इस एकांकी का क्या उद्देश्य है? लिखिए।**

**उत्तर-** इस एकांकी का मुख्य उद्देश्य है- नारी शिक्षा को समाज में स्थान दिलाना, नारियों को समाज में प्रतिष्ठा दिलाना। आजकल स्त्रियों की दशा ससुराल में बहुत खराब होती है ।ससुराल वाले कम पढ़ी-लिखी बहु चाहते हैं ताकि उसे गुलाम बनाकर उस पर मनमानी कर सके। पर महिलाओं को उमा की तरह ईंट का जवाब पत्थर से देना सीखना चाहिए ताकि कोई भी उनका शोषण, उन पर अत्याचार और उन पर मनमानी न कर सके।

11. **समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं?**

**उत्तर-** समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु हम निम्न प्रयास कर सकते हैं -

* नारी को शिक्षित बनने के लिए प्रेरित करना।
* ऊँची शिक्षा प्राप्त की हुई लड़की को अपने घर की बहू बनाकर और उन्हें उचित सम्मान देकर।
* महिलाओं को नौकरी करने के लिए प्रेरित कर।
* दकियानूसी लोगों के सोच में परिवर्तन लाकर।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. **'रीढ़ की हड्डी 'एकांकी का प्रमुख पात्र कौन है?**
   a. उमा b. शंकर
   c. नौकर d. प्रेमा

2. **इस एकांकी में प्रेमा कौन है?**
   a. उमा की माँ b. उमा की मित्र
   c. शंकर की माँ d. नौकर की माँ

3. **इस एकांकी में रामस्वरूप कौन है?**
   a. उमा के पिता b. शंकर के पिता
   c. गोपाल के भाई d. नौकर के भाई

4. **इस एकांकी के नौकर का क्या नाम है?**
   a. गोपाल b. शंकर
   c. रामस्वरूप d. रतन

5. **रामस्वरूप किससे हरिमोनियम लाने के लिए कहता है?**
   a. प्रेमा b. रतन
   c. पड़ोसी d. शंकर

6. **कमरे में कौन मुँह फूलाए हुए हैं?**
   a. प्रेमा b. उमा
   c. रतन d. शंकर

7. **किसे पढ़ाई-लिखाई के जंजाल समझ में नहीं आते?**
   a. प्रेमा b. उमा
   c. उमा की सहेली d. रामस्वरूप

8. **'ठठोली' का क्या अर्थ है?**
   a. मजाक करना b. गुस्सा करना
   c. आँख दिखाना d. झगड़ा करना

9. **रामस्वरूप अपनी बेटी की ऊँची शिक्षा को क्यों छुपाता है?**
   a. नारी शिक्षा का विरोधी
   b. ज्यादा पढ़ाई ठीक नहीं
   c. उमा का विवाह जहाँ करना चाहते थे वहाँ ज्यादा पढ़ी बहू नहीं चाहते थे
   d.इनमें कोई नहीं

10. **किसकी दुकान दूर है?**
   a. चाय वाले की b. मक्खन वाले की
   c. मिठाई की d. बड़े समानों की

11. **रामस्वरूप के घर में कौन-कौन मेहमान आते हैं?**
   a. गोपाल, शंकर b. रामस्वरूप का भाई
   c. रतन का भाई d. प्रेमा के मित्र

12. **'दकियानूसी' का क्या अर्थ है?**
   a. संकुचित मानसिकता b. हँसी मजाक
   c. व्यंग्य d. मीठे वचन

13. **मेहमान रामस्वरूप के घर क्यों आते हैं?**
   a. उमा को देखने b. प्रेमा को देखने
   c. रतन को देखने d. घर की सुंदरता देखने

14. **गोपाल प्रसाद विवाह को क्या मानते हैं?**
   a. दो लोगों के मेल b. बिजनेस
   c. दो मित्र d. पवित्र रिश्ता

15. **'आपके लाडले बेटे की रीढ़ की हड्डी है भी या नहीं?' यह किसका कथन है?**

a. प्रेमा b. उमा
c. रामस्वरूप d. रतन

**16. इस एकांकी का क्या उद्देश्य है ?**
a. नारी को महत्व देना b. मनोरंजन
c. लड़ाई को बढ़ाना d. पुरुष को महत्ता

**17. आज हमारे समाज में कैसे व्यक्तित्व वाले लोगों की आवश्यकता है ?**
a. उमा जैसे b. शंकर जैसे
c. रामस्वरूप जैसे d. गोपाल जैसे

**18. उमा किस तरह की लड़की है?**
a. स्वार्थी b. लालची
c. निडर d. झगड़ालू

**19. इस एकांकी में कुल पात्रों की संख्या कितनी है ?**
a. छह b. चार
c. दो d. पाँच

**20. 'रीढ़ की हड्डी' कौन-सी विधा में लिखी गई है ?**
a. एकांकी b. कहानी
c. रिपोर्ताज d. निबंध

**21. इस एकांकी में कौन-सी समस्या को दिखाया गया है?**
a. आर्थिक समस्या b. सामाजिक समस्या
c. राजनीतिक समस्या d. इनमें कोई नहीं

**22. 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के लेखक कौन है?**
a. सुमित्रानंदन पंत
b. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
c. जगदीश चंद्र माथुर
d. रेणु

**23. रामस्वरूप के घर में किसलिए तैयारियाँ चल रही है?**
a. मेहमानों के आने के कारण
b. शादी
c. जन्मोत्सव
d. सगाई

**24. इस एकांकी का पूरा केंद्र कहाँ दिखाई देता है?**
a. एक कमरा b. एक होटल
c. एक मैदान d. एक मंदिर

**25. उमा की पढ़ाई कहाँ तक हुई?**
a. एम. ए. b. बी. ए.
c. पी एचडी d. डीलिट्

**26. प्रेमा उमा को अधिक सर चढ़ी क्यों बोलती है?**
a. अधिक पढ़ने के कारण
b. कम पढ़ने के कारण
c. नहीं पढ़ने के कारण
d. संगीत सीखने के कारण

**27. गोपाल रामस्वरूप से ऐसी कौन-सी बात कहते हैं, जिसे सुनकर वह सन्न रह जाते हैं?**
a. बिजनेस शब्द विवाह के बारे में
b. शादी
c. तलाक
d. सगाई

**28. शंकर की खास बात क्या थी?**
a. सीधी कमर b. झुकी कमर
c. टेढ़ी गर्दन d. टूटी कमर

**29. गोपाल प्रसाद लड़की में क्या खास विशेषता देखना चाहते हैं?**
a. कम पढ़ी-लिखी b. अधिक सुंदर
c. लंबी d. गोरी

**30. उमा को देखने आने वाले लड़के का क्या नाम है?**
a. गोपाल b. रामस्वरूप
c. शंकर d. रतन

**31. गोपाल प्रसाद का विचार कैसा है?**
a. आधुनिक b. दकियानूसी
c. दयालु d. आदर्शवादी

**32. रामस्वरूप के विचार से लड़कियों के सहारे किसका कारोबार चलता है ?**
a. सौंदर्य सामग्री का
b. मिठाई का
c. फल
d. फूल

**33. गोपाल प्रसाद को किन बातों की थोड़ी भनक मिली थी ?**
a. उमा पढ़ी-लिखी है b. अनपढ़
c. दयालु d. ईर्ष्यालु

**34. 'तालीम' का क्या अर्थ है?**
a. शिक्षा b. तमीज
c. नौकरी d. वकालत

**35. उमा अपने हाथों में क्या लेकर आती है?**
a. पान की तश्तरी b. चाय
c. कॉफी d. पुस्तक

**36. नौकर रतन मक्खन कब लेकर आता है?**
a. मेहमान आने पर b. मेहमान जाने पर
c. शाम d. रात

**37. प्रेमा की बेटी उसकी बात क्यों नहीं मान रही थी?**
a. अधिक पढ़ी थी
b. जिद्दी थी
c. अभी शादी नहीं करनी थी
d. लड़का पसंद नहीं था

**38. प्रेमा ने कौन-सी किताब पढ़ रखी थी?**
a. स्त्री सुबोधिनी b. रामचरितमानस
c. भगवत् गीता d. उर्वशी

**39. उमा को क्या अच्छा नहीं लगता ?**
a. श्रृंगार करना b. नृत्य करना
c. खाना बनाना d. घूमना

**40. लड़की उमा को देखने आने वाले मेहमानों की संख्या कितनी थी?**
a. दो b. चार
c. तीन d. पाँच

**41. गोपाल प्रसाद का पेशा क्या है?**
a. शिक्षक b. वकील
c. नेता d. डॉक्टर

**42. शंकर पढ़ाई के लिए कहाँ जाता है ?**
a. लखनऊ b. दिल्ली
c. कोलकाता b. मुंबई

**43. शंकर किस विषय की पढ़ाई कर रहा था ?**
a. मेडिकल b. वकालत
c. बीएड d. एमएड

**44. रामस्वरूप गोपाल प्रसाद के हाँ में हाँ क्यों कर रहे थे ?**
a. रिश्ता बनाना चाहते थे
b. रिश्ता तोड़ना चाहते थे
c. डरते थे
d. मित्रता से

**45. रामस्वरूप के समय में कचौड़ियाँ कितने की मिलती थी?**
a. पैसे की दो b. एक रू की दो
c. दो रू की दो d. चार रू की दो

**46. 'मर्ज' का क्या अर्थ है?**
a. रोग b. दुख
c. स्वस्थ d. मजाक

**47. 'कमबख्त' का क्या अर्थ है?**
a. अभागा b. चोर
c. डकैत d. दुष्ट

**48. 'लोक चतुराई' का क्या अर्थ है?**
a. बेवकूफ
b. सीधा
c. लोक व्यवहार में सयानापन
d. झगड़ालू

**49. रामस्वरूप अपने हाथों में क्या लेकर आते है ?**
a. पान b. सितार
c. चाय की ट्रे d. चटाई

**50. उमा को चश्मा पहने देखकर कौन चौक जाते हैं?**
a. गोपाल, शंकर b. रतन
c. रामस्वरूप d. प्रेमा

**51. उमा मेहमानों को किसका भजन सुनाती है?**
a. मीरा का b. रैदास
c. सूरदास d. तुलसीदास

**52. शंकर को कहाँ से भगाया गया था ?**
a. लड़कियों के हॉस्टल से b. कॉलेज
c. विद्यालय d. महाविद्यालय

**53. रामस्वरूप को किस बात की चिंता थी?**
a. पुत्री के विवाह की b. बीमारी की
c. पत्नी d. नौकरी

**54. रामस्वरूप अपने नौकर के साथ मिलकर कमरे में क्या कर रहे थे ?**
a. कमरा सजा रहे थे b. कमरा बिगाड़ रहे थे
c. दिया जला रहे थे d. मोमबत्ती जला रहे थे

**55. प्रेमा कैसी दिखती थी ?**
a. गंदुमी रंग b. काली
c. गोरी d. गेहुँआ

**56. रामस्वरूप किसके पक्षधर बने हुए थे?**
a. नारी शिक्षा b. बालक शिक्षा
c. प्रौढ़ शिक्षा d. वृद्ध शिक्षा

**57. लड़के वालों की क्या शर्त थी ?**
a. कम पढ़ी लड़की b. ज्यादा पढ़ी लड़की
c. अनपढ़ लड़की d. नौकरी वाली लड़की

**58. रामस्वरूप ने लड़के वालों से उमा के बारे मे क्या झूठ बोला था?**
a. मैट्रिक पास b. आठवीं पास
c. नौवीं पास d. सातवीं पास

**59. रामस्वरूप ने रतन से कौन-सी वस्तु लाने को कहा?**
a. मक्खन b. चाय
c. कॉफी d. दही

**60. 'जी हाँ वह तो रंगीन जमाना था, रंगीन जमाना'। यह कथन किसका है?**
a. रामस्वरूप b. गोपाल
c. शंकर d. प्रेमा

**61. शंकर कौन से महीने में लड़कियों के छात्रावास के इर्द-गिर्द घूम रहा था?**
a. पिछली फरवरी में b. पिछला मार्च
c. पिछला अप्रैल में d. पिछला जून

**62. शंकर किसके पैरों में पड़कर लड़कियों के छात्रावास से मुँह छुपा कर भागा था?**
a. नौकरानी b. उमा
c. प्रेमा d. उमा की सहेली

**63. लेखक के विचार के अनुसार 'रीढ़ की हड्डी' किसके पास नहीं है?**
a. शंकर b. गोपाल
c. रामस्वरूप d. रतन

**64. "आप तो मुझे काँटों में घसीटने लगे "यह कथन किस पात्र का है?**
a. रामस्वरूप b. गोपाल
c. प्रेमा d. शंकर

**65. 'परमात्मा के यहाँ जब अक्ल बट रही थी, तो तू देर से पहुँचा था क्या? ' यह कथन किस पात्र का है?**

a. गोपाल  b. रामस्वरूप
c. रतन  d. प्रेमा

**66. जगदीश चंद्र माथुर का जन्म कब हुआ?**
a. 1918 ई०  b. 1917 ई०
c. 1914 ई०  d. 1978 ई०

**67. जगदीश चंद्र माथुर का निधन कब हुआ ?**
a. सन् 1978 ई०  b. सन् 1977 ई०
c. सन् 1979 ई०  d. सन् 1988 ई०

**68. माथुर जी का जन्म स्थान कहाँ है ?**
a. उत्तर प्रदेश  b. मध्य प्रदेश
c. भोपाल  d. भागलपुर

**69. माथुर जी नाट्य लेखन, निर्देशन के अलावे और क्या करते थे?**
a. अभिनय  b. नृत्य
c. खेलते थे  d. दौड़ते थे

**70. 'कोणार्क 'किसकी रचना है ?**
a. जगदीश चंद्र माथुर  b. पंत
c. निराला  d. रेणु

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.a, | 2.a, | 3.a, | 4.d, | 5.b, | 6.b, |
| 7.a, | 8.a, | 9.c, | 10.b, | 11.a, | 12.a , |
| 13.a, | 14.b, | 15.b, | 16.a, | 17.a, | 18.c , |
| 19.a, | 20.a, | 21.b, | 22.c, | 23.a, | 24.a , |
| 25.b, | 26.a, | 27.a, | 28.b, | 29.a, | 30.c , |
| 31.b, | 32.a, | 33.a, | 34.a, | 35.a, | 36.b , |
| 37.c, | 38.a, | 39.a, | 40.a, | 41.b, | 43.a , |
| 44.a, | 45.a, | 46.a, | 47.a, | 48.c, | 49.c , |
| 50.a, | 51.a, | 52.a, | 53.a, | 54.a, | 55.a , |
| 56.a, | 57.a, | 58.a, | 59.a, | 60.a, | 61.a , |
| 62.a, | 63.a, | 64.a, | 65.b, | 66.b, | 67.a , |
| 68.a, | 69.a, | 70.a | | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. उमा को सौंदर्य-सामग्रियाँ पसंद क्यों नहीं थी ?**

**उत्तर-** वह इन सौंदर्य -सामग्रियों से झूठा दिखावा नहीं करना चाहती थी वह जैसी थी वैसी ही दिखाना चाहती है।

**2. इस पाठ में नौकर कौन है? उसे फटकार क्यों मिलती रहती है?**

**उत्तर-** इस पाठ में नौकर का नाम रतन है वह भुलक्कड़ किस्म का व्यक्ति है इसलिए उसे फटकार मिलती रहती है।

**3. रामस्वरूप बेटी की पढ़ाई के बारे में झूठ क्यों बोलते हैं?**

**उत्तर-** रामस्वरूप इस बात को समझ चुके हैं कि समाज के लोग ज्यादा पढ़ी-लिखी बहू नहीं चाहते हैं इसलिए वह पुत्री की शिक्षा को छुपाते हैं।

**4. रामस्वरूप के घर में सजावट क्यों हो रही थी?**

**उत्तर-** रामस्वरूप के घर में सजावट इसलिए हो रही थी क्योंकि उमा को देखने लड़के वाले आ रहे थे।

**5. उमा को मेहमान देखने क्यों आते हैं?**

**उत्तर-** मेहमान उमा को विवाह के उद्देश्य से देखने आते हैं।

**6. शंकर दवारा कहे गए कथन 'साल भर के मार्जिन' का क्या अर्थ है?**

**उत्तर-** शंकर द्वारा कहे गए इस कथन का अर्थ है कि वह पढ़ाई के बीच में फेल भी हुआ है।

**7. गोपाल प्रसाद अपने समय के मैट्रिक को आज के एम ए से बेहतर क्यों बताते हैं?**

**उत्तर-** आज के शिक्षित युवा पीढ़ी का तिरस्कार कर अपने को अच्छा और योग्य साबित करना चाहते हैं।

**8. उमा की आँखों पर चश्मा देखकर मेहमान भौंचक क्यों रह जाते हैं ?**

**उत्तर-** चश्मा देखकर उन्हें लगता है की उमा ज्यादा पढ़ी-लिखी तो नहीं है। कहीं ज्यादा पढ़ाई से तो चश्मा नहीं लगा है। इसलिए वे भौंचक रह जाते हैं।

**9. उमा मेहमानों की बेज्जती क्यों करती है?**

**उत्तर-** उमा मेहमानों की बेज्जती इसलिए करती है क्योंकि वे जिस तरह से उमा को देख रहे थे या प्रश्न पूछ रहे थे वह उसे अपमान भरा लग रहा था।

**10. उमा की फटकार का मेहमानों पर क्या प्रभाव पड़ा ?**

**उत्तर-** उमा की फटकार से लड़का और उसके पिता अपमानित महसूस करते हैं और रूआँसा सा चेहरा लेकर चल देते हैं।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. उमा भजन गाते गाते अचानक क्यों रुक जाती है?**

**उत्तर-** उमा सितार बजाकर भजन गा रही थी और इस क्रम में उसकी नज़रें शंकर से मिलती है। शंकर को देखते ही वह पहचान लेती है कि यह बदमाश लड़का है जो उसके छात्रावास के पास पिट चुका है। उस बदमाश के पास गाने में उसे अपमानित लगता है।

**2. गोपाल प्रसाद लड़कियों के शिक्षा के खिलाफ क्यों थे?**

**उत्तर-** गोपाल प्रसाद लड़कियों की शिक्षा को महत्व नहीं देते थे उनके अनुसार लड़कियों को घर गृहस्थी के काम में कुशल होना चाहिए। उनका सोच था कि

महिलाएँ पढ़ेंगी तो घर का कार्य कौन संभालेगा।

**3. उमा अपनी और लड़कियों की तुलना मेज कुर्सी से क्यों करती है?**

**उत्तर-** उमा अपनी और लड़कियों की तुलना मेज कुर्सियों से करती है क्योंकि लोग मेज कुर्सी को नाप-जोखकर लेते हैं। इस तरह विवाह योग्य लड़कियों को नाप-जोखकर अपमानजनक प्रश्न पूछ कर पसंद किया जाता है और

लड़की के माता-पिता भी उसे बिकने योग्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

4. **रामस्वरूप अपनी पत्नी के कौन से व्यवहार से परेशान हो उठते थे?**

**उत्तर-** रामस्वरूप की पत्नी प्रेमा बहुत बोलती थी और बातों को भूल जाती थी उसे कहा गयों था कि पुत्री की पढ़ाई की बातें जबान पर ना लाये लेकिन वह यह बात भूलकर बार-बार बोलती जाती है।

5. **इस एकांकी से हमें क्या सीख मिलती है?**

**उत्तर-** यह एकांकी समाज में व्याप्त संकुचित मानसिकता पर कटाक्ष करता है। हमारा समाज इन मानसिकताओं का गुलाम बनकर बिना रीढ़ वाला शरीर के समान हो जाता है। इस एकांकी में शंकर को बिना रीढ़ की हड्डी वाला बताया गया है। अर्थात इसका कोई व्यक्तित्व नहीं है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

1. **उमा शादी के नाम पर क्यों गुस्सा करती है?**

**उत्तर-** उमा शादी के नाम पर इसलिए गुस्सा करती है क्योंकि वह बी. ए. पढ़ी लड़की है। उसे यह मालूम हो जाता है कि लड़के वाले लोगों को कम पढ़ी-लिखी लड़की चाहिए तो वह निराश हो जाती है। वह ऐसे लोगों से रिश्ता नहीं जोड़ना चाहती थी लेकिन उसके माता-पिता उस पर दबाव डालते हैं कि वह अपनी ऊँची शिक्षा को लोगों के सामने जाहिर न होने दे ताकि रिश्ता हो जाए।

2. **रीढ़ की हड्डी एक हास्य एकांकी है। कैसे?**

**उत्तर-** इस एकांकी में हास्य और व्यंग्य दोनों मौजूद है एकांकी की शुरुआत छोटे-छोटे दृश्यों से होती है मालिक रामस्वरूप और नौकर रतन दोनों की बातें हास्य से भरी है। नौकर मूर्खता से भरी बातें करता है और रामस्वरूप करारे उत्तर देते हैं जिससे हास्य उत्पन्न होता है। नौकर अपनी मूर्खता पर स्वयं भी हँसता है गोपाल प्रसाद भी मनोरंजक प्रसंग शुरू करता है। वह दर्जनों कचौड़ियाँ उड़ाने की बात निकालता है खूबसूरती पर टैक्स लगाना आदि बातें हँसी उत्पन्न करते हैं। रामस्वरूप और प्रेमा की नोक झोंक भी हँसी उत्पन्न करती है उमा गोपाल प्रसाद एवं शंकर से व्यंग्य में बातें करती है।

3. **एकांकी के आधार पर प्रेमा का चरित्र -चित्रण करें।**

**उत्तर-** प्रेमा एक भारतीय महिला है उसने केवल आ ई पढ़ा है और एक पुस्तक 'स्त्री-सुबोधिनी' पढ़ा है इतना ही पढ़ाई को बहुत पढ़ा हुआ समझती है अपनी बेटी को संभाल नहीं पाने के कारण वह कहती है कि इसे केवल एंट्रेंस पास करा देते तो अपने हाथ रहती वह घरेलू कार्य में निपुण है। वह जब अपनी पुत्री को विवाह के लिए नहीं समझा पाती है तो वह अपने को असहाय महसूस करती है।